प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 0920 बजे

'' पहले मुख्य समाचार''

1 राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के एक सौ 50 वर्ष पूरे–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन–प्रदेश के सभी चारों संसदीय क्षेत्रों में भी आयोजित होंगे कार्यक्रम

2 कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 460 करोड़ रूपये वितरित, 1 हजार 8 सौ 99 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि जल्द की जाएगी जारी

3 राजभवन शिमला में मनाया गया 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस समारोह

4 प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में खिली धूप–मौसम विभाग ने अगले छह दिनों तक मौसम के साफ रहने का जताया अनुमान

पीएम–वंदे मातरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के एक सौ 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन प्रत्येक भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने वंदे मातरम को एक प्रेरक आह्वान बताया जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया है और पूरे देश में देशभक्ति की स्थायी भावना को जागृत किया है। इस कार्यक्रम में सार्वजनिक स्थानों पर वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन होगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

विपिन परमार

इस बीच हिमाचल प्रदेश भाजपा भी आज से प्रदेश के हर संसदीय क्षेत्र में वंदे मातरम का सामूहिक गान करेगी। भाजपा आज शिमला में इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि ये गीत आज भी राष्ट्रवाद, एकता और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 4 सौ 60 करोड़ रूपए की भूमि आबंटन राशि जारी कर लाभार्थियों को वितरित कर दी गई है, जबकि एक हज़ार 8 सौ 99 करोड़ रूपए की अन्य राशि शीघ्र वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री कल शिमला में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने राज्य में हैलीपोर्ट परियोजना स्थापित करने की समीक्षा भी की और इनके निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री ने कल ऊना जिला के हरोली में आयोजित 36वें विशाल ईनामी दंगल के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि युवा साकारात्मक दिशा में अग्रसर हो। इसमें देश भर के विभिन्न आखाड़ों से लगभग 2 सौ नामी पहलवानों ने भाग लिया।

उज्ज्वला योजना

आकांक्षी जिला चंबा में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना चरण–3 के तहत पात्र महिलाओं को नए निःशुल्क एलपीजी गैस कनैक्शन उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ इंधन उपलब्ध करवाना है। चंबा में इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय उज्ज्वला समिति का गठन कर दिया गया है।

मिलन कार्यक्रम

राजभवन, शिमला में कल 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में एक विशेष मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्य अतिथि इस कार्यक्रम में भाग लिया और हिमाचल प्रदेश में रहने वाले इन राज्यों के लोगों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मिलन कार्यक्रम न केवल इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों को एक साथ लाने का एक मंच है, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को भी सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों ने भी अपने अनुभव साझा किए और हिमाचल प्रदेश में अपनी सांस्कृतिक पहचान का उत्सव मनाने का अवसर प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।

राज्यपाल

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कल आदर्श केंद्रीय सुधारगृह कण्डा शिमला में आयोजित एक कार्यक्रम में कैदियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारागार में कैदियों को हर हाथ को काम पहल के तहत विभिन्न कार्यों में लगाया गया है। उनके द्वारा तैयार सामान की बिक्री हिमकारा स्टोर के माध्यम से की जा रही है जिसके लाभ का 40 प्रतिशत कारागार बंदियों को दिया जा रहा है। उन्होंने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुधारगृह में कैदियों को विभिन्न कार्यों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि जो भी व्यक्ति बाहर निकले, वह स्वावलंबी बने और अपने परिवार की देखभाल कर सके। उन्होंने कहा कि वह स्टार्टअप शुरू कर दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करवा सकते हैं।

जीएसटी–पर्यटन

नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को बचत उत्सव शुरू किया था, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दरो में कमी से देशभर के नागरिकों को लाभ हुआ है। इसी कड़ी में आज पेश है कि पर्यटन क्षेत्र में जीएसटी सुधारों से नागरिकों को किस तरह लाभ हो रहा है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी दिन की शुरूआत खिली धूप से हुई है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों में कहीं–कहीं कोहरा छाया है। अगले छह दिनों तक प्रदेश में मौसम के साफ रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने आगामी 12 नवंबर तक प्रदेश में बारिश–बर्फबारी की संभावना से इंकार किया है। इस बीच प्रदेश में न्यूनतम तामपान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे रातें ठंडी हो गई हैं। जनजातीय क्षेत्रों ताबो, कुकुमसेरी व कल्पा में न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया जा रहा है। मैदानी व मध्यवर्ती इलाकों में भी सुबह–शाम ठंड का असर बढ़ गया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को सुर्खी दी है–सड़कें बहाल होते ही पंचायत चुनाव, आपदा में बेघर परिवारों को पहले चार–चार लाख। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–लोकतंत्र प्रहरी सम्मान योजना पर जीती सुक्खू सरकार । दैनिक जागरण के शब्द हैं–प्रदेश अध्यक्ष के लिए छह कांग्रेस नेताओं से मिलेगा शीर्ष नेतृत्व। जबकि पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–10 दिनों में प्रदेश कांग्रेस को नया अध्यक्ष।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

1 राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के एक सौ 50 वर्ष पूरे–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन–प्रदेश के सभी चारों संसदीय क्षेत्रों में भी आयोजित होंगे कार्यक्रम

2 कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 460 करोड़ रूपये वितरित, 1 हजार 8 सौ 99 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि जल्द की जाएगी जारी

3 राजभवन शिमला में मनाया गया 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस समारोह

4 प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में खिली धूप–मौसम विभाग ने अगले छह दिनों तक मौसम के साफ रहने का जताया अनुमान